केवल आप के लिये
गांव–गांव शहर–शहर देश दुनियां में अपनों तक पहुंचाना है तो :भारतीय बस्ती दैनिक वेब
www.bhartiyabasti.com
और उसका छपा संस्करण सबसे बेहतर माध्यम
सम्पर्क–bhartiyabasti@gmail.com
मो0 9450567450| 9336715406

# दैनिक भारतीय बस्ती

भारतीय बस्ती
www.bhartiyabasti.com के लिये विज्ञापन बुक कराये। विचार, प्रचार का सशक्त माध्यम
सम्पर्क
मो0 9336715406
8400925463

भारतीय बस्ती आमंत्रण मूल्य 2रूपया

R.N.I. 38784/81 डाक पंजीकरण सं0 B.S.T 59 बस्ती, वर्ष :48 अंक 51 गुरूवार 10 सितम्बर 2026 (बस्ती संस्करण) बस्ती एवं अयोध्या–फैजाबाद से एक साथ प्रकाशित पृष्ठ :4मूल्य:3.00 रुपया www.bhartiyabasti.com


## एक नजर

### डेंगू की दस्तक, एक महिला संक्रमित

**भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। शहर में डेंगू ने दस्तक दे दी है। कोतवाली रोड पर पोस्ट ऑफिस के पास रहने वाली 36 साल की एक महिला में डेंगू की पुष्टि हुई है। महिला ने कानपुर की एक निजी लैब में जांच कराई थी। 7 सितंबर को आईजीएम एलाइजा जांच में उसकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई। लैब से रिपोर्ट मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने मामले का संज्ञान लिया। विभाग ने महिला और उसके परिवार से संपर्क करना शुरू कर दिया है।जानकारी के अनुसार, महिला को 4 सितंबर को बुखार और डेंगू जैसे लक्षण थे। उसने डॉक्टर को दिखाया। डॉक्टर ने डेंगू की आशंका में जांच कराने की सलाह दी थी। इसके बाद महिला ने उसी दिन कानपुर की एक निजी लैब में अपना सैंपल दिया। जांच रिपोर्ट 7 सितंबर को पॉजिटिव आई। फिलहाल महिला का इलाज कानपुर के एक निजी अस्पताल में चल रहा है।

स्वास्थ्य विभाग की टीम परिवार के सदस्यों और महिला के संपर्क में रहे लोगों से जानकारी जुटाएगी। करीबी लोगों के खून के नमूने लेकर जांच कराई जाएगी। सीएमओ डॉ. राजीव निगम ने बताया कि महिला में डेंगू की पुष्टि हुई है। परिवार के लोगों से संपर्क किया जा रहा है।

### गिट्टी लदे ट्रेलर की टक्कर से स्कूटी सवार वृद्ध की मौत

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बनकटी, (बस्ती)। लालगंज थाना क्षेत्र के महादेवा–लालगंज मार्ग पर सोहिला गांव के पास बुधवार दोपहर करीब डेढ़ बजे गिट्टी लदे ट्रेलर की चपेट में आने से स्कूटी सवार 70 वर्षीय वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा–तफरी मच गई। सूचना मिलते ही लालगंज पुलिस और डायल 112 की टीम घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मुंडेरवा थाना क्षेत्र के हरदी कमोखर गांव निवासी रामप्रयाग (70) पुत्र जगई पिछले कई वर्षों से महादेवा–लालगंज मार्ग पर मकान बनवाकर किराने की दुकान चलाते थे। वह परिवार के साथ वहीं रहकर अपना व्यवसाय करते थे। बताया गया कि बुधवार को वह लालगंज की ओर एक दाह संस्कार में शामिल होने गए थे। दोपहर बाद स्कूटी से वापस महादेवा की ओर लौट रहे थे।

रामप्रयाग जैसे ही सोहिला गांव के पास पहुंचे, तभी सामने की दिशा से महादेवा की ओर आ रहे गिट्टी लदे ट्रेलर से उनकी स्कूटी की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि वह स्कूटी समेत सड़क पर जा गिरे। गंभीर चोट लगने के कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई। ह

हादसे की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। इसके बाद लालगंज थाना प्रभारी निरीक्षक दिनेश चंद्र चौधरी मय पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंचे और दुर्घटना की जानकारी ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी तथा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस दुर्घटना के कारणों और ट्रेलर के संबंध में जांच कर रही है।

घटना के बाद ग्रामीणों और क्षेत्रवासियों में भारी वाहनों के लगातार आवागमन को लेकर नाराजगी देखने को मिली। ग्रामीणों का आरोप है कि महादेवा–लालगंज मार्ग पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में गिट्टी लदे भारी वाहन गुजरते हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार करीब 400 भारी वाहन प्रतिदिन इस मार्ग से आवागमन करते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इनमें से कई वाहन टोल टैक्स से बचने के लिए इस मार्ग का इस्तेमाल करते हैं। लगातार भारी वाहनों के गुजरने से सड़क पर आम राहगीरों, बाइक और स्कूटी सवारों के लिए खतरा बढ़ गया है।

रामप्रयाग की मौत की खबर मिलते ही उनके परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के परिवार में एक पुत्र और तीन पुत्रियां हैं। सभी की शादी हो चुकी है। हादसे की सूचना के बाद परिजन घटनास्थल और पोस्टमार्टम स्थल की ओर दौड़ पड़े। परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल था। गांव में भी वृद्ध की मौत से शोक का माहौल बना हुआ है।

# विधायक–सांसदों पर लगे 65 आपराधिक केस वापस होंगे ! सुप्रीम कोर्ट ने दी राहत

**नई दिल्ली (आभा)।** हिमाचल प्रदेश के वर्तमान और पूर्व सांसदों–विधायकों को बड़ी राहत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को राज्य सरकार को उनके खिलाफ दर्ज 65 आपराधिक मामलों को वापस लेने की अनुमति दे दी है। भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्या कांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी. मोहना की बेंच ने पाया कि इनमें से कोई भी मामला गंभीर या जघन्य अपराधों से जुड़ा हुआ नहीं था।

सीजेआई सूर्या कांत ने फैसला सुनाते हुए कहा, 'किसी भी मामले में कोई गंभीर या जघन्य अपराध नहीं दिखता है, न ही ऐसा कोई संकेत है कि आरोपी आदतन अपराधी हैं या बार–बार अपराध करते हैं। ये सभी मामले कोविड–19 महामारी के असामान्य दौर से जुड़े हैं जब जनता और जनप्रतिनिधि परेशान थे। सुप्रीम कोर्ट ने महामारी और लॉकडाउन के दौरान जनप्रतिनिधियों की ओर से किए गए प्रदर्शनों और पुतला दहन पर दर्ज एफआईआर को चार मेन कैटेगरी में बांटा।

अगस्त 2021 में अश्विनी कुमार उपाध्याय बनाम भारत संघ मामले में शीर्ष अदालत ने व्यवस्था दी थी कि नेताओं के खिलाफ मामले वापस लेने के लिए राज्य सरकार को संबंधित



हाई कोर्ट से पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य होगा, ताकि शक्तियों का दुरुपयोग न हो। 2024 में जब हिमाचल सरकार हाई कोर्ट पहुंची थी, तब हाई कोर्ट ने 15 मामले वापस लेने की अनुमति दी थी, जबकि 45 मामले पेंडिंग रखे थे। एडिशनल एडवोकेट जनरल वैभव श्रीवास्तव ने शीर्ष अदालत को बताया कि 45 लंबित मामलों में से 6 मामलों में आरोपी पहले ही डिस्चार्ज हो चुके थे, जिससे केवल 39 मामले ही प्रभावी बचे थे। सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि इन छोटे–मोटे महामारी–कालीन मुकदमों को खींचने से अदालतों का कीमती समय बर्बाद हो रहा था।

बेंच ने कहा कि इन मुकदमों को जारी रखने से न्याय प्रशासन का कोई उद्देश्य पूरा नहीं होगा। इसके बजाय, इन मामलों को बंद करने से अदालतों को उन गंभीर और जघन्य आपराधिक मुकदमों की सुनवाई में तेजी लाने का मौका मिलेगा, जो लंबे समय से लंबित हैं।

## रेलवे को और मजबूत करने की तैयारी: 10 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट का ऐलान

**नई दिल्ली (आभा)।** केंद्र सरकार लगातार देश के रेलवे नेटवर्क को मजबूत करने की तैयारियों में लगी हुई है। बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि सरकार ने सरकार ने दक्षिण में तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना के कुल 17 जिलों में 5 मल्टी ट्रैकिंग प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दे दी है। इन प्रोजेक्ट्स के तैयार होने के बाद भारतीय रेलवे नेटवर्क में 540 किलोमीटर की वृद्धि हो जाएगी। रिपोर्ट के मुताबिक केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इन प्रोजेक्ट्स के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन प्रोजेक्ट्स को 2029–30 तक पूरा करने की उम्मीद है। सरकार के मुताबिक इस योजना से 17 जिलों के 2, 121 गांवों के करीब 52 लाख स्थानीय लोगों को लाभ मिलेगा। इसके अलावा माल ढुलाई में भी आसानी होगी।

किन प्रोजेक्ट्स को मिली मंजूरी–

अराक्कोनम से रेनिगुंटा– इसमें सबसे पहले अराक्कोनम से रेनिगुंटा तक तीसरी और चौथी लाइन का रेलवे लाइन बनाई जानी है। इसकी लंबाई करीब 77 किलोमीटर होगी।

व्हाइटफील्ड से बंगारपेट– दूसरे नंबर पर व्हाइटफील्ड से बंगारपेट तक तीसरी और चौथी लाइन बनाई जानी है। इसकी लंबाई भी करीब 47 किलोमीटर रखी गई है।

होसुर से ओमालपुर– तीसरे नंबर पर होसुर से ओमालुर रूट पर भी रेलवे लाइन का दोहरीकरण किए जाने को मंजूरी दी गई है। इसकी लंबाई करीब 147 किलोमीटर रखी जाएगी।

?सलेम से करूर और डिंडीगुल– चौथे नंबर पर सलेम से करूर और डिंडीगुल तक भी रेल लाइन के दोहरीकरण की योजना को मंजूरी मिली है। इसकी लंबाई 159 किलोमीटर है।

सिकंदराबाद से काजीपेट– पांचवे नंबर पर सिकंदराबाद (घाटकेसर) से काजीपेट पर मल्टी ट्रैकिंग रेलवे लाइन को बनाए जाने को मंजरी मिली है। इसकी लंबाई 110 किलोमीटर है।

# सपा की सरकार बनने पर होगा व्यापारियों की समस्याओं का समाधान– प्रदीप जायसवाल

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। बुधवार कों समाजवादी पार्टी व्यापार सभा का पी.डी.ए. व्यापारी मण्डलीय सम्मेलन श्याम बाटिका मैरेज लॉन में आयोजित किया गया। व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष रघुनन्दन राम साहु की अध्यक्षता में हुये मण्डलीय सम्मेलन में व्यापारियों के उत्पीड़न, समस्याओं पर विचार के साथ ही भाजपा सरकार के दमनात्मक रवैये की कड़े शव्दों में निन्दा करते हुये वक्ताओं ने आगामी विधानसभा चुनाव में सपा की मजबूत सरकार बनाने का संकल्प लिया गया।

मुख्य अतिथि समाजवादी व्यापार सभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल व्यापारियों के सम्मान, सुरक्षा और हितों के संरक्षण को लेकर संघर्ष के लिए एकजुट होने पर आह्वान किया। कहा कि यापारी देश और प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ होता है, इसलिए व्यापारियों की सुरक्षा और सम्मान उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। कहा कि छोटे, मध्यम और लघु व्यापारियों ने रोजगार सृजन के साथ–साथ देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, बावजूद इसके आज व्यापारी विभिन्न समस्याओं से जूझ रहे हैं। कहा कि महंगाई, बाजार में घटती क्रय शक्ति, ऑनलाइन व्यापार की बढ़ती प्रतिस्पर्धा, जीएसटी से जुड़ी जटिलताएं, अधिकारियों की अनावश्यक जांच–पड़ताल, बढ़ते व्यावसायिक खर्च और व्यापारियों की सुरक्षा जैसे मुद्दे गंभीर हैं। इसलिए छोटे व्यापारियों को ऐसा वातावरण मिलना चाहिए, जिसमें वे बिना भय और अनावश्यक दबाव के अपना व्यापार कर सकें। उन्होने कहा कि सपा की मजबूत सरकार बनने पर ही व्यापारियों की समस्याओं का प्रभावी समाधान हो सकेगा।




–समाजवादी पार्टी व्यापार सभा के पी.डी.ए. व्यापारी मण्डलीय सम्मेलन में गूंजा व्यापारियों के उत्पीड़न का मुद्दा

मण्डलीय सम्मेलन को सम्बोधित करते हुये सपा जिलाध्यक्ष एवं बस्ती सदर विधायक महेन्द्रनाथ यादव, कविन्द्र चौधरी अतुल, पूर्व विधायक राजमणि पाण्डेय, सपा नेता दयाशंकर मिश्र आदि ने कहा कि समाजवादी व्यापार सभा व्यापारियों की समस्याओं को केवल मंच तक सीमित नहीं रखेगी, बल्कि व्यापारी हितों की आवाज को सड़क से लेकर सदन तक मजबूती से उठाया जाएगा। उन्होंने पीडीए की विचारधारा के तहत समाज के सभी वर्गों के व्यापारियों को एकजुट होकर सपा को मजबूत करने का आह्वान किया।

समाजवादी पार्टी व्यापार सभा अध्यक्ष रघुनन्दन राम साहु ने कहा कि व्यापारियों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने के साथ–साथ संगठनात्मक रूप से मजबूत होना होगा। जब व्यापारी एकजुट होकर अपनी आवाज उठाएंगे, तभी उनकी समस्याओं का प्रभावी समाधान संभव होगा।

सपा के पीडीए व्यापारी सम्मेलन में समाजवादी पार्टी व्यापार सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्वान्चल प्रभारी विजय जायसवाल, प्रदेश कोषाध्यक्ष अंशुल गुप्ता के साथ ही संतकबीर नगर जिलाध्यक्ष विजय जायसवाल, सिद्धार्थनगर जिलाध्यक्ष घनश्याम जायसवाल, सौरभ गुप्ता, रवि गुप्ता, रवि सोनी, राजकुमार श्रीवास्तव, गुरमीत सिंह, इकबाल अहमद, शुभम जायसवाल, वीरेन्द्र कुमार बरनवाल, शनि गुप्ता, अभय जायसवाल, श्रवण पाण्डेय, राम गोपाल कसौधन, भोला यादव, दीनानाथ साहु, रघुवीर, रजत जायसवाल, संदीप साहू, दिलीप जायसवाल, दिलीप कसौधन, राजेन्द्र जायसवाल, आतमजीत सिंह, योगेश सडाना के साथ ही सिद्धार्थनगर, संतकबीर जनपद के व्यापारी, पदाधिकारी, सपा कार्यकर्ता शामिल रहे।

# राष्ट्र निर्माण में युवाओं को निभानी होगी निर्णायक भूमिका-सुरजीत

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। युवा संवाद कार्यक्रम के तहत राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका विषय पर गजाधर सिंह अंगद सिंह एकेडमी हर्रैया में बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में युवाओं को राष्ट्र के प्रति समर्पण, संस्कार और सामाजिक दायित्व का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गोरक्ष प्रांत के सह प्रांत प्रचारक सुरजीत ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन करके किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य सुभाष चंद्र त्रिपाठी ने की।

मुख्य वक्ता ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा शक्ति ही किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत होती है और भारत के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण युवाओं के चरित्र, संस्कार और संकल्प से ही संभव है। कहा कि हम सभी युवा खिले हुए पुष्पों की तरह हैं, जिनकी ऊर्जा और क्षमता से राष्ट्र का भविष्य आकार लेता है। युवाओं के जीवन का उद्देश्य केवल व्यक्तिगत सफलता तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ समाज और देश के लिए उपयोगी बनना होना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता ऐसे व्यक्तित्वों के निर्माण की है, जिनके विचारों और कर्मों में राष्ट्र सर्वोपरि हो। युवाओं को भारत को जानें, भारत को मानें, भारत के लिए बनें और भारत के लिए बनाएं के चार सूत्रों को जीवन में आत्मसात करना होगा। भारत की संस्कृति, इतिहास, परंपराओं और जीवन मूल्यों को समझकर ही युवा सशक्त राष्ट्र निर्माण में प्रभावी भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि विविधताओं से भरे भारत को एक सूत्र में बांधने का कार्य हमारे संस्कारों और सांस्कृतिक मूल्यों ने किया है। भारतीय संस्कृति माता–पिता को देवतुल्य मानने के साथ ही सभी के सुख और कल्याण की कामना करना सिखाती है। यही हमारी संस्कृति की सबसे बड़ी शक्ति और पहचान है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कहा कि आज के दौर में युवाओं के सामने अवसरों के साथ अनेक चुनौतियां भी हैं। ऐसे में संवाद और मार्गदर्शन उन्हें अपनी जिज्ञासाओं को शांत करने तथा सही निर्णय लेने में मदद करते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान देना नहीं, बल्कि युवाओं को जीवन की चुनौतियों के लिए तैयार करना भी है। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के आत्मविश्वास और व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



–युवा संवाद में राष्ट्र, समाज और संस्कृति से जुड़े सवालों पर हुआ सार्थक मंथन

युवा संवाद के दौरान विद्यार्थियों और युवाओं ने मुख्य वक्ता से राष्ट्र निर्माण, युवाओं के दायित्व, भारतीय संस्कृति, सामाजिक चुनौतियों तथा वर्तमान परिस्थितियों से जुड़े तमाम प्रश्न पूछे। सुरजीत ने युवाओं के प्रश्नों का सहजता और विस्तार से उत्तर देते हुए उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। उन्होंने कहा कि प्रश्न करना जागरूक युवा की पहचान है और सही दिशा में उठे प्रश्न ही व्यक्ति को बेहतर समझ और समाधान तक पहुंचाते हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे देश की वर्तमान परिस्थितियों का गंभीरता से अध्ययन करें और केवल समस्याओं पर चर्चा ही न करें बल्कि उनके समाधान का हिस्सा बनें। भारत को बेहतर बनाने की जिम्मेदारी प्रत्येक जागरूक नागरिक की है। कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं ने राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय और सकारात्मक भूमिका निभाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन विवेक कान्त पाण्डेय ने किया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हर्रैया के जिला प्रचारक मोहित, गिरजेश, कुलदीप, दीपांशु, मोनू, पंकज सिंह, दिनेश पाण्डेय, प्रभाकर पाण्डेय सहित हजारों की संख्या में छात्र शामिल रहे।

## दिशा की बैठक में राहुल गांधी ने सड़कों की खराब दशा की फोटो दिखाई: अधिकारियों से मांगा जबाब

**रायबरेली (आभा)।** लोकसभा में विपक्ष के नेता एवं रायबरेली से कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी ने बुधवार को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में क्षेत्र की खराब सड़कों की तस्वीरें दिखाई। गड्ढों वाली सड़कों की फोटो दिखाते हुए अधिकारियों से जवाब मांगा हे। दिशा की बैठक के नामित सदस्य उमेश बहादुर सिंह उर्फ बबलू सिंह ने बताया कि बैठक में राहुल एक अलग अंदाज में नजर आये और उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तहत बनवायी गयी सड़कों में गड्ढे होने की तस्वीरें दिखायीं।

समाचार एजेंसी को उमेश बहादुर सिंह ने बताया कि ऐसी सड़कों के नाम गिनाते हुए राहुल ने मौके पर मौजूद अधिकारियों से पूछा कि आखिर



इन सड़कों पर गड्ढे क्यों हैं और इन्हें ठीक करने के लिए वे क्या कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि राहुल गांधी ने बैठक में कहा कि कौन सी सड़क किस कार्यदायी संस्था ने बनायी है, यह चिह्नित किया जाना चाहिये। सिंह ने बताया कि पीएमजीएसवाई के अधिषासी अभियंता ने बैठक में कहा कि सड़कों के गड्ढों को ठीक कराया जाएगा।

बैठक खत्म होने के बाद सांसद राहुल गांधी बाहर निकले और संवाददाताओं से बिना कुछ कहे चले गए। बैठक में शामिल हुए उत्तर प्रदेश के खाद्य एवं रसद मंत्री मनोज कुमार पांडेय ने संवाददाताओं से बातचीत की। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ रायबरेली को प्राप्त हो रहा है। बैठक में प्रदेश के उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह समेत कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी भी शामिल हुए।

## उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारियों ने देखी फिल्म 'हनुमान अंश'




**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल उत्तर प्रदेश (पंजी.) के पदाधिकारियों, व्यापारी साथियों ने बुधवार को जिलाध्यक्ष राकेश सिंह के नेतृत्व में बड़े वन स्थित दर्श सिनेमा पहुंचकर अत्यंत प्रेरणादायक, सांस्कृतिक और धार्मिक सनातन फिल्म 'हनुमान अंश' को सामूहिक रूप से देखा।

जिलाध्यक्ष राकेश सिंह ने कहा कि यह आयोजन केवल एक चलचित्र देखना मात्र नहीं था, बल्कि सभी के लिए सांस्कृतिक चेतना और अपने गौरवशाली सनातन इतिहास से जुड़ने का एक अत्यंत ही दिव्य अनुभव रहा। हनुमान अंश का संदेश नयी पीढी के लिये उपयोगी है। सभी व्यापारी समयबद्ध तरीके से सिनेमाघर पहुंचे, जिससे इस धार्मिक एवं भव्य आयोजन का पूरी तल्लीनता के साथ आनंद लिया जा सका। दर्श सिनेमा के स्वामी धीरेन्द्र सिंह का लोगों ने आभार व्यक्त किया।

'हनुमान अंश' के दर्शकों में जिला संगठन महामंत्री भारत राम बबलू अग्रहरि, जिला महामंत्री आलोक कुमार

### –हनुमान अंश का संदेश नयी पीढी के लिये उपयोगी– राकेश सिंह

दुबे, नगर अध्यक्ष राणा महेंद्र प्रताप, युवा जिला अध्यक्ष कुलदीप श्रीवास्तव, जिला कोषाध्यक्ष महेंद्र कुमार गुप्ता, नगर संगठन महामंत्री प्रदीप सिंह, नगर महामंत्री धीरेंद्र कुमार सिंह सहित अश्विन कुमार, शुभम कुमार, सुखसागर, सूरज यादव, संजय गुप्ता, अवधेश निषाद, रावेश कुमार श्रीवास्तव, सौरभ श्रीवास्तव, कमलेश चौधरी, धर्मेंद्र कुमार यादव, प्रदीप गुप्ता, वीरू साहू, कृष्ण कुमार सिंह, उज्जवल श्रीवास्तव, सूरज कुमार गुप्ता, नितिन श्रीवास्तव, सत्यम सिंह, शिवम सिंह, शुभम गौड़, आकाश सोनी, राजकुमार चौधरी, दीपचंद कसौधन, बृजेश गुप्ता, संत कुमार गुप्ता, सरजू प्रसाद, रवि कुमार, सत्य प्रकाश द्विवेदी, वंदना वर्मा, अमित कुमार चौधरी, अभिषेक कुमार गुप्ता, सुनील कुमार मिश्रा, हिमांशु कसौधन, रामगोपाल सिंह, हेमंत मिश्रा, श्याम श्रीवास्तव और अन्य व्यापारी बंधु शामिल रहे।

## संविदा कर्मी का शव मिला: हत्या की आशंका

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के धौमौरा के पास बुधवार सुबह एक युवक का शव मिला। सड़क किनारे शव पड़ा होने की सूचना मिलते ही मौके पर भीड़ जमा हो गई। वाल्टरगंज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक की पहचान 26 वर्षीय यशवंत के रूप में हुई है, जो खड़ौवा, थाना नगर का रहने वाला था। यशवंत गोरखपुर नगर निगम में संविदा कर्मी था। पुलिस ने घटना की जानकारी परिजनों को दे दी है।

मृतक की बाइक वाल्टरगंज थाना क्षेत्र से काफी दूर दुबौलिया थाना क्षेत्र में एक निर्माणाधीन टोल प्लाजा के पास मिली है। इससे युवक की मौत को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं। पुलिस को शुरुआती जांच में आशंका है कि युवक के शव को कहीं और से लाकर धौमौरा के पास फेंका गया है।

शव मिलने के बाद पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया और आसपास के लोगों से पूछताछ की। पुलिस अब यह पता लगा रही है कि युवक आखिरी बार किसके साथ और कहां देखा गया था। उसकी बाइक निर्माणाधीन टोल प्लाजा के पास कैसे पहुंची और युवक की मौत किन हालात में हुई, इन सभी बातों की जांच की जा रही है।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असली वजह साफ हो पाएगी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी देख रही है। साथ ही, मृतक के मोबाइल फोन की जांच और उसके संपर्क में रहे लोगों से भी जानकारी जुटाई जा सकती है।

वाल्टरगंज थानाध्यक्ष गजेंद्र कुमार राय ने बताया कि युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। मामले में कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## रसोईयों ने किया मानदेय बढाने की मांग: सौंपा ज्ञापन

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। मिड डे मील रसोइया कर्मचारी यूनियन (सीटू) के बैनर तले बुधवार को रसोइयों ने अपनी कई मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में रसोइया कर्मचारी न्याय मार्ग स्थित सीटू कार्यालय से पैदल मार्च करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचे। प्रदर्शन के बाद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के जरिए राष्ट्रपति को एक ज्ञापन सौंपा गया। प्रदर्शनकारियों ने श्रम संविदा खत्म करने की मांग की। उन्होंने कहा कि मानदेय में की गई बढ़ोतरी काफी नहीं है, इसे न्यूनतम वेतन से जोड़ा जाना चाहिए। रसोइयों



ने पहले चरण में मनरेगा मजदूरी के बराबर वेतन देने की भी मांग की। इसके अलावा, रसोइयों ने नवीनीकरण में लागू पाल्य व्यवस्था को खत्म करने और कैशलेस इलाज की सुविधा में उन्हें जल्द शामिल करने की मांग भी उठाई। प्रदर्शन में संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष कामरेड केके तिवारी, सहयोगी संगठनों के नेता और बड़ी संख्या में रसोइया कर्मचारी शामिल हुए।

## पोषण जागरूकता अभियान में दिया जानकारी

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। राष्ट्रीय पोषण माह के अवसर पर ग्रामीण विकास सेवा समिति एवं उत्तर प्रदेश फोर्सेस के संयुक्त तत्वावधान में विकास खण्ड बहादुरपुर के ग्राम सैफाबाद एवं विकास खण्ड सल्टौआ गोपालपुर के ग्राम चौकवा में पोषण जागरूकता अभियान के तहत जागरूकता बैठक आयोजित किया गया।

बैठक के दौरान समुदाय के लोगों को संतुलित एवं विविध आहार, पर्याप्त प्रोटीन, स्थानीय पौष्टिक खाद्य पदार्थों के उपयोग तथा स्वस्थ खान–पान की आदतों के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में स्थानीय एवं पौष्टिक खाद्य पदार्थों तथा पैकेज्ड एवं अल्ट्रा–प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों के बीच अंतर पर चर्चा की गई। प्रतिभागियों को बच्चों के लिए भुना चना, मूंगफली, सत्तू, दलिया, मौसमी फल एवं अन्य स्थानीय पौष्टिक विकल्पों को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर प्रतिभागियों को पैकेट वाले खाद्य पदार्थों का सेवन कम करने तथा खरीदते समय खाद्य



पदार्थों के लेबल, चीनी, नमक एवं अन्य सामग्री की जानकारी देखने के प्रति भी जागरूक किया गया।

ग्रामीण विकास सेवा समिति के सचिव अम्बुज कुमार यादव ने बताया कि जहाँ एक तरफ सरकार कुपोषण को दूर करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है वही हम सबका दायित्व है कि इस दिशा में हमें सरकार की नीतियों को शत प्रतिशत सफल बनाने की दिशा में प्रयास करने की आवश्यकता है।

लिंक वर्कर स्कीम परियोजना की कलस्टर लिंक वर्कर सोनी ने बताया कि बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य एवं विकास के लिए स्थानीय, सस्ते और पौष्टिक भोजन को दैनिक आहार का हिस्सा बनाना आवश्यक है। परिवार एवं समुदाय की सक्रिय भागीदारी से ही सुपोषित समाज का निर्माण संभव है।

कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों ने अपने परिवार में स्वस्थ खान–पान की आदतों को अपनाने तथा बच्चों को पैकेज्ड जंक फूड के स्थान पर स्थानीय पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने का संकल्प लिया।

इस दौरान ग्राम पंचायत की आशा, आगंवाडी, सहायिका एवं ग्राम प्रधान सहित ग्रामीण विकास सेवा समिति का कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

"मुझे अखबार निकालने दो तो मै इस बात की परवाह नहीं करता कि कौन धर्म का नियामक है और कौन कानून का निर्माता"—वेंडेल फिलिप्स

दैनिक
भारतीय बस्ती
बस्ती 10 सितम्बर 2026 गुरूवार

## सम्पादकीय

# सियासी डिजिटल जंग

समय बदल गया है। अब राजनीतिक दलों में डिजिटल जंग के सिलसिले स्थायी होते जा रहे हैं। जैसे—जैसे चुनाव का समय नजदीक आ रहा है सोशल मीडिया पर आरोप—प्रत्यारोप, वीडियो वार जोर पकड़ रहा है। उत्तर प्रदेश की राजनीति में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के बीच की चुनावी तनातनी अब केवल राजनैतिक रैलियों या सदन के पटल तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि सोशल मीडिया पर भी यह संघर्ष एक बेहद आक्रामक और वर्चुअल जंग का रूप ले चुका है। जैसे—जैसे आगामी विधानसभा चुनावों का समय नजदीक आ रहा है, दोनों दलों के बीच राजनीतिक और वैचारिक द्वंद के तौर—तरीके भी पूरी तरह बदल चुके हैं। अब मंच के भाषणों से ज्यादा एक्स (पूर्व में ट्विटर), इंस्टाग्राम और फेसबुक जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर अपलोड होने वाले तीखे वीडियो, मीम्स, एआई जनरेटेड कंटेंट और ताबड़तोड़ बयानों ने मुख्य राजनीतिक युद्धभूमि का स्थान ले लिया है। इस वर्चुअल रणक्षेत्र में दोनों नेता एक—दूसरे की नीतियों, व्यक्तिगत छवि और राजनीतिक अतीत को कटघरे में खड़ा करने के लिए अत्याधुनिक तकनीकों और सोशल मीडिया ट्रेंड्स का खुलकर इस्तेमाल कर रहे हैं, जिससे उत्तर प्रदेश का राजनीतिक पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया है।

ताजा मामलों में जब सपा प्रमुख अखिलेश यादव के सहारनपुर दौरे के दौरान उनके हेलीकॉप्टर को उतरने की अनुमति न मिलने पर सियासी आरोप—प्रत्यारोप का दौर गरमा गया। समाजवादी पार्टी ने इस घटना को सत्ताधारी दल की गहरी राजनीतिक बौखलाहट और तानाशाही रवैये का प्रतीक करार दिया है। पार्टी नेताओं का आरोप है कि बढ़ते जनाधार से घबराई भारतीय जनता पार्टी सरकार जानबूझकर विपक्षी दलों के कार्यक्रमों में प्रशासनिक अड़ंगे लगा रही है, ताकि लोकतंत्र की आवाज को दबाया जा सके। दूसरी ओर, भारतीय जनता पार्टी और प्रशासनिक अधिकारियों ने इन सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए स्पष्ट किया है कि हेलीकॉप्टर की लैंडिंग की अनुमति सुरक्षा और ऐनवक्त पर तय किए गए सुरक्षा मानकों के अनुपालन न होने के कारण नहीं दी गई थी। सत्तारूढ़ दल का कहना है कि विपक्ष हर प्रशासनिक प्रक्रिया को राजनीतिक रंग देकर सनसनी फैलाने की कोशिश करता है और कानून के नियमों से ऊपर उठकर काम करना चाहता है। इस पूरे प्रकरण ने एक बार फिर से राज्य में सत्ता पक्ष और मुख्य विपक्षी दल के बीच की राजनीतिक रस्साकशी को और अधिक तीखा बना दिया है, जहां हर छोटी घटना पर दोनों दल एक—दूसरे को कटघरे में खड़ा करने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं।

प्रदेश की राजनीति में इस हाई—टेक टकराव का सबसे बड़ा और प्रमुख आधार धार्मिक और सांस्कृतिक मुद्दे बने हुए हैं, जिनमें विशेष रूप से अयोध्या और राम मंदिर से जुड़े विषय शामिल हैं। समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया के माध्यम से मंदिर निर्माण में दान और चढ़ावे में हेराफेरी जैसे गंभीर और संवेदनशील मुद्दों को उठाकर सीधे तौर पर सरकार की पारदर्शिता को कटघरे में खड़ा किया है। इसके जवाब में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भाजपा खेमे ने भी सोशल मीडिया पर आक्रामक रुख अपनाते हुए विपक्ष पर सनातन आस्था को ठेस पहुंचाने और धार्मिक स्थलों की गरिमा को धूमिल करने के षड्यंत्र रचने का करारा आरोप लगाया है। इस वैचारिक और डिजिटल रस्साकशी के दौरान कई बार मामला तब और अधिक बिगड़ जाता है, जब दोनों तरफ से एआई—जनरेटेड वीडियो या डिजिटल कैरिकेचर का इस्तेमाल करके एक—दूसरे के शीर्ष नेतृत्व को सीधे तौर पर निशाना बनाया जाता है। इस तरह के विजुअल और ऑडियो टूल्स के जरिए जब तीखे व्यंग्य और आरोप प्रसारित किए जाते हैं, तो इंटरनेट पर दोनों दलों के समर्थकों के बीच एक वर्चुअल युद्ध छिड़ जाता है, जो कई बार राजनीतिक मर्यादाओं की सीमा को भी लांघने लगता है।

डिजिटल जंग का दूसरा सबसे बड़ा और धारदार आधार कानून—व्यवस्था, प्रशासनिक कार्यशैली और व्यक्तिगत आक्षेप हैं, जिन्हें दोनों नेता अपनी—अपनी राजनीतिक जमीन मजबूत करने के लिए मुख्य हथियार बना रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपनी हर सभा और सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए सपा के पुराने शासनकाल को गुंडाराज, माफिया राज और तुष्टीकरण की पराकाष्ठा के रूप में चित्रित करते हैं, वहीं वे समाजवादी पार्टी को परिवार का सिंडिकेट करार देते हुए यह साबित करने की कोशिश करते हैं कि इस पार्टी की पूरी धुरी केवल एक ही परिवार के इर्द—गिर्द घूमती है। इसके विपरीत, अखिलेश यादव सोशल मीडिया पर पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) फॉर्मूले को आगे बढ़ाते हुए मौजूदा सरकार पर तानाशाही, बेरोजगारी, युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ और भेदभावपूर्ण प्रशासनिक कार्रवाई के गंभीर आरोप मढ़ते हैं। अखिलेश यादव अक्सर मुख्यमंत्री के दौरों, उनके भाषणों के तेवर और प्रशासनिक कदमों पर सवाल उठाते हुए तीखे व्यंग्य भरे पोस्ट करते हैं, जिनका सत्तारूढ़ दल के प्रवक्ता और खुद मुख्यमंत्री आंकड़ों और तीखे बयानों के साथ पलटवार करते हैं।

यह डिजिटल और सियासी द्वंद्व इस बात का स्पष्ट संकेत है कि आने वाले चुनावों में जीत—हार का फैसला केवल रैलियों से नहीं, बल्कि जनमानस की सोच को सोशल मीडिया के जरिए प्रभावित करने की क्षमता से भी तय होगा। जब भी सत्ता पक्ष की ओर से कोई विकास परियोजना का उद्घाटन किया जाता है या कोई बड़ा नीतिगत निर्णय लिया जाता है, तो विपक्ष फौरन डिजिटल प्लेटफार्म्स पर उसके दूसरे पहलुओं को उजागर कर देता है, और इसके उलट विपक्ष के हर हमले का जवाब देने के लिए सत्ताधारी दल का आईटी सेल और वरिष्ठ नेता पूरी मुस्तैदी से मैदान में डटे रहते हैं। इस वर्चुअल संघर्ष ने न केवल राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता को बेहद व्यक्तिगत और आक्रामक बना दिया है, बल्कि आम जनता और खासतौर पर युवा वर्ग के स्मार्टफोन की स्क्रीन पर हर पल राजनीतिक सरगर्मी को जिंदा रखा है। दोनों ही नेता जनता के बीच यह संदेश देने की होड़ में हैं कि कौन उत्तर प्रदेश के असल मुद्दों का सच्चा हितैषी है और कौन केवल डिजिटल प्रोपेगैंडा में व्यस्त है, जिसके चलते यह चुनावी जंग अब एक ऐसे दौर में प्रवेश कर चुकी है जहां हर एक ट्वीट, हर एक वीडियो और हर एक बयान का राजनीतिक नफा—नुकसान बहुत दूर तक असर डालता है।

# देश में घूम रहे लाखों दिमागी नफरती 'स्वतंत्र'



—निर्मल रानी—





इन दिनों स्वतंत्र भारद्वाज नामक एक 21 वर्षीय नवयुवक अपने कुछ अति नफरती पॉडकास्ट की वजह से चर्चा में है। मूल रूप से बिहार के दरभंगा के ग्रामीण परिवेश में पला बढ़ा यह नवयुवक दिल्ली विश्वविद्यालय का छात्र भी रहा है। वह खुद को कट्टर हिंदुत्ववादी विचारधारा से जुड़ा हुआ बताता है और कई हिंदू संगठनों और गोरक्षकों के साथ मिलकर सक्रिय रूप से काम भी करता रहा है। पिछले दिनों इसने एक यूट्यूब चौनल के पॉडकास्ट में अपना संगीन जुर्म कुबूल करते हुये जो खुलासे किये और जिसतरह नफरत का जहर उगला वह देश के शांतिप्रिय समाज को हैरान करने वाले थे। पॉडकास्ट में स्वतंत्र भारद्वाज ने बड़ी ही बेबाकी और गर्व के साथ हंसते हुए यह दावा किया कि उसने जंतर—मंतर पर प्रदर्शन काक्रोच जनता पार्टी के प्रदर्शन के दौरान निशु आजाद के पिता संजय कुमार का सिर फोड़ दिया था। उसने यह भी कहा कि पीड़ित को गंभीर चोट आई थी और लगभग 60 टांके लगे थे। उसने आगे कहा कि ऐसी चोट पर अमूमन धारा 307 (हाफ मर्डर्ध हत्या का प्रयास) लगती है। फिर उसने बड़ी शान से कहा कि 'बंदा एम्बुलेंस से अस्पताल जा रहा था', लेकिन वह खुद अगले ही दिन बाहर आ गया और उसे एक रात भी जेल में नहीं बितानी पड़ी। इसी पॉडकास्ट में उसने यह दावा भी किया कि पीएम मोदी,बीजेपी नेता कपिल मिश्रा और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान आदि उसके 'बड़े भाई' जैसे हैं। उसका कहना था कि इन बड़े नेताओं और रसूखदारों के फोन आने पर और उनकी पैरवी के दबाव में दिल्ली पुलिस ने उसे छोड़ दिया था। उसने पॉडकास्ट में छात्रा व एक्टिविस्ट निशु आजाद को भी धमकाते हुए कहा कि 'अब निशु अगला टारगेट है और सारी फील्डिंग सेट है'। स्वतंत्र भारद्वाज ने इंटरव्यू के दौरान मुस्लिम समुदाय के प्रति अपनी गहरी नफरत भी जाहिर की थी। उसने कहा कि वह मौका खोजता है कि कोई मुस्लिम गलती करे तो वह उनका ष्इलाजष करे। उसने गोल टोपी और दाढ़ी वाले लोगों को लेकर बेहद आपत्तिजनक और विवादित बयान भी दिए थे। आज देश की धर्मनिरपेक्षता व संविधान का सम्मान करने वाला देश का एक बड़ा वर्ग भले ही श्स्वतंत्रश की बातों व उसके दुस्साहस का विरोध क्यों न कर रहा हो परन्तु इसके बावजूद भी चंद नफरती दक्षिणपंथी लोगों का समुह उसके समर्थन में भी नजर आया।

इस नफरती जहरीले युवक को कांग्रेस,राहुल गाँधी,काक्रोच जनता पार्टी कार्यकर्ताओं व सांसद चंद्रशेखर आजाद जैसे लोगों के भारी दबाव व प्रदर्शन के बाद फिलहाल गिरफ्तार किये जाने की खबर है। किसी दक्षिणपंथी व्यक्ति के नफरत और आपराधिक कुबूलनामे का यह पहला वीडिओ नहीं है। याद कीजिये गुजरात दंगों के बारे में साल 2007 में श्तहलकाश पत्रिका के पत्रकार आशीष खेतान द्वारा किए गए श्ऑपरेशन कलंकश नामक स्टिंग ऑपरेशन में, बजरंग दल के तत्कालीन गुजरात प्रमुख बाबू बजरंगी उर्फ बाबूभाई पटेल ने कैमरे पर 2002 के नरोदा पाटिया नरसंहार में अपनी सीधी भूमिका और बेहद खौफनाक अपराधों में अपनी संलिप्तता को इसी तरह कुबूल किया था। बाबू बजरंगी ने बड़ी ही क्रूरता और गर्व के साथ हंसते हुए और छाती ठोककर स्वीकार किया था कि उसने नरोदा पाटिया में लोगों को बेरहमी से काटा और जिंदा जलाया था। उसने कहा था, ष्हमें मारने में बहुत मजा आया... ऐसा लगा जैसे हम महाराणा प्रताप हैं।ष उसने कैमरे पर दावा किया था कि उसने कौसर बानो नामक एक नौ महीने की गर्भवती मुस्लिम महिला के पेट को तलवार से चीर दिया था। उसने बताया था कि कैसे दंगाइयों की भीड़ ने नरोदा पाटिया इलाके को चारों तरफ से घेर लिया था ताकि कोई भी मुस्लिम बचकर भाग न सके। उसने पूरे इलाके को आग के हवाले करने की बात भी स्वीकार की थी। बजरंगी ने कबूल किया था कि गोधरा कांड का बदला लेने के लिए उसने खुद रिवॉल्वर, तलवारें और हथियार बांटे थे। उसने अपनी एक गन फैक्ट्री होने और वहां बड़ी मात्रा में डीजल बम तथा पाइप बम बनाकर हिंदुओं को सप्लाई करने की बात भी कही थी। उसने यह दावा भी किया था कि दंगों के दौरान राज्य की पुलिस मूकदर्शक बनी रही और उनका पूरा साथ दे रही थी। उसने यह भी दावा किया था कि दंगों के बाद जब उसकेखिलाफ मामले दर्ज हुए, तो तत्कालीन मुख्यमंत्री (नरेंद्र मोदी ) ने उसे सुरक्षित जगहों पर छिपने और कानूनी राहत दिलाने में मदद की थी। इसी ऑन—कैमरा कबूलनामे और अन्य चश्मदीदों के बयानों को मुख्य आधार बनाकर ही अदालत ने 2012 में बाबू बजरंगी को दोषी ठहराया और आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी, जिसे बाद में गुजरात हाई कोर्ट ने भी बरकरार रखा। यह और बात है कि सुप्रीम कोर्ट ने उसे मार्च 2019 में खराब स्वास्थ्य और मेडिकल ग्राउंड पर सशर्त जमानत दे दी थी। जेल प्रशासन और डॉक्टरों की रिपोर्ट के मुताबिक बाबू बजरंगी की आंखों की रोशनी लगभग 100 प्रतिशत खत्म हो चुकी है और वह पूरी तरह से दृष्टिहीन हो चुका है। साथ ही उसकी बायपास सर्जरी भी हो चुकी है। इसी खराब शारीरिक स्थिति को आधार बनाते हुए अदालत ने उसे मानवीय आधार पर रिहा करने का आदेश दिया था। इसके अलावा साल 2023 में गुजरात दंगों से ही जुड़े नरोदा गाम नरसंहार मामला में भी कोर्ट ने बाबू बजरंगी सहित सभी आरोपियों को बरी कर दिया था। नरोदा पाटिया मामले में उसकी दोष सिद्धि बरकरार है, लेकिन वह जेल से बाहर अपनी जमानत की अवधि पर है।

आज देश की धर्मनिरपेक्षता व संविधान का सम्मान करने वाला देश का एक बड़ा वर्ग भले ही श्स्वतंत्रश की बातों व उसके दुस्साहस का विरोध क्यों न कर रहा हो पांच इसके बावजूद भी चंद लोगों का समुह उसके समर्थन में भी नजर आया। इस 'नफरती गिरोह ' को आखिर खाद पानी कहाँ से मिलता है ? यही वह श्दिमागी नफरती श के संरक्षक हैं जिन्होंने समय समय पर कभी माया कोडनानी को तो कभी बाबू बजरंगी को कभी जयदीप पटेल तो कभी प्रह्लाद गोसा व दयाभाई पटेल जैसे गुजरात दंगों के 67 प्रमुख आरोपी सत्ता के सहारे बचाए गए। यही वह नफरती तंत्र है जिसकी वजह से एहसान जाफरी को जिंदा जला देने वाले बिपिन पटेल और पुलिस निरीक्षक के जी एर्दा आदि सब बाइज्जत बरी हो गए। इसी के द्वारा बेस्ट बेकरी काण्ड में 14 मासूमों को जलाकर खाक कर देने वाले सभी बरी हो गए थे। इसी नफरती तंत्र ने बिल्किस बानो के 11 सजायाफ्ता बलात्कारी रिहा कर दिए थे जिसे भारी जनाक्रोश के बाद सुप्रीम कोर्ट ने पुनः जेल भेजा। दरअसल देश की सामाजिक एकता व सद्भाव को तहस नहस करने वाले सत्ता संरक्षित यही भारतीय दक्षिणपंथी हैं। ऐसे हिंसक एजेंडे वाले सभी संगठनों व समूहों को भंग करने और कानून के अनुसार उनपर मुकदमा चलाने की जरूरत है। यदि हम गाँधी के विचारों का भारत चाहते हैं तो हमें अपनी बहुलवादी समन्वयवादी परंपरा पर ऐसे हमलों को शांतिपूर्ण ढंग से नकारने के लिए बौद्धिक रूप से सुसज्जित और नैतिक रूप से तैयार एक नागरिक समाज की आवश्यकता है। और यह एक ऐसा काम है जिसे देश को एकजुट होकर पूरा करना पड़ेगा। छात्रों और युवाओं को अपनी वैचारिक, राजनीतिक प्रवृत्तियों की परवाह किए बिना इस सार्थक अभियान का नेतृत्व करना होगा और वैमनस्यवादियों का जवाब देना होगा। क्योंकि दुर्भाग्यवश ऐसे और भी अनेक उदाहरण हैं जिनसे पता चलता है कि आज एक 'स्वतंत्र भारद्वाज' ही नहीं बल्कि देश में लाखों दिमागी नफरती 'स्वतंत्र' घूम रहे हैं।

# बीजेपी जिला प्रभारियों को बदलने का दांव



—अजय कुमार—



उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर राजनीतिक सरगर्मी धीरे—धीरे गरमाती जा रही है। राज्य की सत्ता पर काबिज भारतीय जनता पार्टी ने अपनी रणनीतिक तैयारियों के तहत सांगठनिक मशीनरी को मथना शुरू कर दिया है। गौरतलब है, किसी भी राजनीतिक दल के लिए चुनाव केवल बयानों और भाषणों से नहीं लड़े जाते, बल्कि इसके पीछे एक मजबूत, अनुशासित और दुरुस्त संगठन की बड़ी भूमिका होती है। भाजपा इस बात को भली—भांति समझती है कि संगठन के कमजोर होने का मतलब कांग्रेस बन जाना होता है। इसीलिये उत्तर प्रदेश जैसे विशाल और राजनीतिक रूप से संवेदनशील सूबे में तीसरी बार विजय हासिल करने के लिए जमीन पर पार्टी के ढांचे का एकदम सटीक बैठाये जाने के लिये लम्बा विचार—विमर्श चल रहा है। यही कारण है कि प्रदेश और क्षेत्रीय कार्यकारिणी में बड़े पैमाने पर फेरबदल करने के बाद अब पार्टी का पूरा फोकस जिलों के प्रभारियों और जिला कमेटियों को बदलने पर केंद्रित हो गया है। सांगठनिक फेरबदल की इन चल रही बयारों और सुगबुगाहटों ने उन तमाम नेताओं और कार्यकर्ताओं की नींद उड़ा दी है, जो आगामी विधानसभा चुनाव के लिए खुद को टिकट का सबसे प्रबल दावेदार मानकर चल रहे थे।

